गैरसैंण, सोमवार
22 दिसम्बर 2025
वर्षः 17
अंकः 215 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### फैक्ट्री से सैकड़ो लीटर डीजल चोरी करने के दो आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

काशीपुर। बेरिया दौलत चौकी पुलिस ने फैक्ट्री से डीजल चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को पकड़े गए आरोपियों के पास से 499 लीटर डीजल सहित अन्य सामान बरामद हुआ है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर रविवार को उन्हें न्यायालय भेज दिया है। ग्राम बद्रीपुर स्थित एक फैक्ट्री प्रबंधन ने बेरिया दौलत चौकी पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उनकी फैक्ट्री के प्लांट से डीजल चोरी किया गया है। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरा की मदद से आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। वहीं पुलिस ने बेरिया दौलत चौकी क्षेत्र के कीतीवालिया तिराहे के पास से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने अपना नाम विकास पुत्र छत्रपाल निवासी बरखेड़ा और करन सिंह पुत्र रॉबिन निवासी बद्रीपुर बताया है। आरोपियों की निशानी पर 499 लीटर डीजल, एक कार, 80 हजार रुपये की नकदी और अन्य सामान बरामद हुआ है। बेरिया दौलत चौकी इंचार्ज नरेश मेहरा ने बताया कि डीजल चोरी के मामले में फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा एक तहरीर दी गई थी मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### प्रदूषण फैलाने वाली एक फैक्ट्री सील, एक को नोटिस

काशीपुर। महुआखेड़ा गंज स्थित प्रदूषण फैलाने वाली दो फैक्ट्रियों पर प्रशासन और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने सख्त कार्रवाई की है। जांच में बैट्री बनाने वाली प्राइम टैक लीड रिसाइकिलिंग इंडस्ट्री के पास संचालन करने की अनुमति नहीं मिलने पर सील कर दिया गया। वहीं उम्रा प्लाईवुड फैक्ट्री को प्रदूषण फैलाने पर नोटिस जारी किया गया। तहसीलदार पंकज चंदोला ने बताया कि शनिवार को किसी ने फेसबुक पर महुआखेड़ा गंज में प्रदूषण फैलने और हरे रंग की बूंदे घरों में गिरने की पोस्ट डाली थी। जिसपर एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने त्वरित संज्ञान लेकर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम को उनके नेतृत्व में जांच के आदेश दिए। शिकायत के आधार पर टीम उम्रा प्लाईवुड फैक्ट्री में पहुंची। जहां पाया गया कि फैक्ट्री में किसी नई मशीन का ट्रायल चल रहा था। उसी के कारण पूरे क्षेत्र में प्रदूषण फैल रहा था। जिस पर प्रशासन ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इसके अलावा पुरानी बैट्री की रिसाइक्लिंग करने वाली प्राइम टैक लीड रिसाइकिलिंग इंडस्ट्री की जांच की गई। वहां पाया कि उनके पास न तो एनओसी थी न ही फैक्ट्री संचालित करने की अनुमति थी। नियमों का उल्लंघन करने पर मौके पर फैक्ट्री को सील कर दिया गया। टीम में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अवर अभियंता दिलावर अली, पटवारी अकरम सैफी, नीरज कठैत शामिल रहे।

### बहला फुसलाकर किशोरी के साथ दुष्कर्म का आरोप

रुड़की। क्षेत्र निवासी एक ग्रामीण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सफरपुर रुड़की गांव निवासी समद ने उसकी किशोरी पौत्री को बहला फुसलाकर अपनी बातों में फंसा लिया। आरोपी ने किशोरी को शादी का झांसा दिया और कई बार उसके साथ दुष्कर्म भी किया। आरोप है कि किशोरी ने बालिग होने के बाद शादी रचाने की बात कही तो आरोपी युवक ने साफ इंकार कर दिया। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। थाना अध्यक्ष अजय शाह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है ।

### बसराली गांव में दो मंजिले आवासीय मकान में लगी आग

उत्तरकाशी। तहसील बड़कोट के अंतर्गत बसराली गांव में शनिवार को देर रात एक दो मंजिले आवासीय मकान में अचानक आग लगने से घर में रखा पूरा सामान जलकर राख हो गया। गनीमत रही की मकान में आग लगने से किसी प्रकार की जन व पशु हानि नहीं हुई। शनिवार को देर रात बसराली गांव निवासी मदन सिंह राणा के दो मंजिले मकान में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आज इतनी विकराल हुई की मकान सहित घर में रखा सारा सामान जल गया। ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग को बुझाया गया। पीड़ित परिवार ने बड़कोट तहसील प्रशासन को आग की सूचना दी और प्रशासन से आर्थिक सहायता व आग से हुए नुकसान के उचित मुआवजे की मांग की।

# महंगा होगा रेल का सफर, 26 दिसंबर से बढ़ेगा किराया

### रेलवे ने किया एलान

भारतीय रेलवे ने रेल यात्रियों के लिए बड़ा एलान किया है। 26 दिसंबर 2025 से ट्रेनों के किराए में संशोधन लागू होने जा रहा है। इस फैसले का असर देशभर के करोड़ों यात्रियों पर पड़ेगा, हालांकि रेलवे ने छोटी दूरी की यात्रा करने वालों को राहत देते हुए 215 किलोमीटर तक के सफर पर किराया न बढ़ाने का फैसला किया है। दैनिक यात्रियों के हित में उपनगरीय ट्रेनों और मासिक सीजन टिकटों की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

**215 किलोमीटर तक यात्रा पर कोई बढ़ोतरी नहीं**

रेलवे के अनुसार, साधारण श्रेणी में 215 किलोमीटर तक की यात्रा पर कोई अतिरिक्त किराया नहीं लिया जाएगा। इससे रोजाना सफर करने वाले यात्रियों और छोटी दूरी के यात्रियों की जेब पर कोई बोझ नहीं पड़ेगा। रेलवे का कहना है कि यह फैसला आम यात्रियों को ध्यान में रखकर लिया गया है।



**लंबी दूरी पर कितना बढ़ेगा किराया?**

रेलवे ने स्पष्ट किया है कि 215 किलोमीटर से अधिक दूरी की यात्रा पर साधारण श्रेणी में 1 पैसा प्रति किलोमीटर, जबकि मेल/एक्सप्रेस और एसी श्रेणियों में 2 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी होगी। उदाहरण के तौर पर करीब 1000 किलोमीटर की दूरी में जन साधारण एक्सप्रेस (नॉन–एसी) से यात्रा करने पर करीब 10 रुपये अतिरिक्त देने होंगे। जबकि संपूर्ण क्रांति एक्सप्रेस, वंदे भारत और राजधानी जैसी प्रीमियम ट्रेनों में सफर करने पर यात्रियों को 20 रुपये अधिक चुकाने होंगे।

**इन ट्रेनों पर भी लागू होगा किराया**

रेल मंत्रालय के मुताबिक, नया किराया संशोधन राजधानी, शताब्दी, दुरंतो, वंदे भारत, तेजस, हमसफर, अमृत भारत, महामना, गतिमान, अंत्योदय, जन शताब्दी, युवा एक्सप्रेस, एसी विस्टाडोम कोच, अनुभूति कोच और साधारण गैर–उपनगरीय सेवाओं जैसी प्रीमियर व विशेष ट्रेन सेवाओं पर भी लागू होगा।

**इस साल ये दूसरी बढ़ोतरी**

भारतीय रेलवे की ओर से ट्रेन टिकट के दाम में ये इस साल की दूसरी बढ़ोतरी की गई है। इससे पहले जुलाई महीने की पहली तारीख को रेल किराया बढ़ाया गया था। 1 जुलाई से भारतीय रेलवे की ओर से रेल किराये में की गई बढ़ोतरी भी इतनी ही थी। मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों के किराये में 1 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी, जबकि एसी ट्रेन से यात्रा करने पर 2 पैसे प्रति किलोमीटर के हिसाब से इजाफा किया गया था।

### बिना एनओसी के मुनस्यारी में चल रहे हैं होटल, होमस्टे

पिथौरागढ़। पर्यटन नगरी में कई वर्षों से अग्निशमन विभाग की एनओसी के बिना होटल व होम स्टे संचालित हो रहे हैं। अग्निशमन विभाग ने दो दर्जन से अधिक होटल व होमस्टे, रेस्टोरेंट संचालकों को नोटिस दिए हैं। क्षेत्र में 28 होटल और 130 से अधिक होम स्टे संचालित किए जा रहे हैं। रविवार को अग्निशमन विभाग के अग्नि सुरक्षाधिकारी नरेंद्र प्रसाद व विनोद मेहरा के नेतृत्व में होटल, होमस्टे में फायर उपकरण व एनओसी की जांच की गई। बताया कि पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए मुनस्यारी क्षेत्र अग्नि सुरक्षा अति संवेदनशील है। नियमानुसार निर्माण के दौरान ही एनओसी लेना अनिवार्य होता है। जांच के दौरान 15 से अधिक व्यावसायिक प्रतिष्ठान बिना अग्निशमन विभाग की एनओसी के ही संचालित मिले। अग्निशमन विभाग ने प्रतिष्ठानों को नोटिस देने की कार्रवाई की है। अग्नि सुरक्षाधिकारी नरेंद्र प्रसाद कहा कि यदि जल्द ही सभी प्रतिष्ठानों ने अग्नि सुरक्षा के इंतजाम नहीं किए तो उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# प्रदेश के स्कूलों में गीता के श्लोक का पाठ हुआ अनिवार्य

### राज्य पाठ्यचर्या की रुपरेखा में भी शामिल

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को घोषणा की है कि सरकार ने स्कूलों में श्रीमद् भगवत गीता के श्लोक के पाठ को अनिवार्य किया है। इसका मकसद छात्रों को भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और जीवन दर्शन से जोड़ना है, जिससे उनके सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। सीएम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में यह बात कही। वहीं, सीएम ने एक वीडियो पोस्ट में, अल्मोड़ा जिले में स्थित ऐतिहासिक कटारमल सूर्य मंदिर का जिक्र किया। भगवान सूर्यदेव को समर्पित यह मंदिर कत्यूरी काल की उत्कृष्ट वास्तुकला और गहरी भक्ति का प्रमाण है। सीएम धामी ने मंदिर के महत्व पर जोर देते हुए कहा, यह उत्तराखंड के गौरवशाली इतिहास और जीवंत सांस्कृतिक परंपरा को दर्शाता है। शिक्षा विभाग ने जारी किया था यह निर्देशः



शिक्षा विभाग ने शिक्षकों के लिए यह निर्देश जारी किया था कि शिक्षक समय–समय पर भगवत गीता के श्लोकों की व्याख्या करें। साथ ही छात्र–छात्राओं को जानकारी दें कि श्रीमद् भगवत गीता के सिद्धांत किस तरह से मूल्य, व्यवहार, नेतृत्व कौशल, निर्णय क्षमता, भावनात्मक संतुलन और वैज्ञानिक सोच विकसित करते हैं। छात्र–छात्राओं को यह भी जानकारी दी जाए कि श्रीमद् भगवत गीता में दिए गए उपदेश सांख्य, मनोविज्ञान, तर्कशास्त्र, व्यवहार विज्ञान एवं नैतिक दर्शन पर आधारित हैं, जो धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण से संपूर्ण मानवता के लिए उपयोगी हैं। भगवत गीता और रामायण को राज्य पाठ्यचर्या की रुपरेखा में शामिल : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर श्रीमद् भगवत गीता और रामायण को राज्य पाठ्यचर्या की रुपरेखा में शामिल कर लिया गया है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. मुकुल कुमार सती के मुताबिक विद्यालयी शिक्षा के लिए राज्य पाठ्यचर्या की रूपरेखा की सिफारिश के अनुरूप पाठ्य पुस्तकों को अगले शिक्षा सत्र से लागू किया जाना प्रस्तावित है। शिक्षा निदेशक ने कहा, श्रीमद् भगवत गीता को जीवन के हर क्षेत्र में पथ प्रदर्शक माना गया है। इसका वैज्ञानिक आधार भी है। जो न केवल एक धार्मिक ग्रंथ है बल्कि यह मानव जीवन के विज्ञान, मनोविज्ञान तथा व्यवहार शास्त्र का भी उत्कृष्ट ग्रंथ है। जिसमें मनुष्य के व्यवहार, निर्णय क्षमता, कर्तव्यनिष्ठा, तनाव प्रबंधन एवं विवेकपूर्ण जीवन जीने के वैज्ञानिक तर्क निहित हैं।

# कांग्रेस पार्टी ने हमेशा असम और नॉर्थ–ईस्ट के विकास का विरोध किया : मोदी

### भाजपा ने हमेशा असम के लोगों के अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए काम किया

गुवाहाटी ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को असम के नामरूप में फर्टिलाइजर यूनिट का उद्घाटन करने के बाद कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा। जनसभा को संबोधित करते हुए, पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा असम और नॉर्थ–ईस्ट के विकास का विरोध किया है। उन्होंने कहा, जब भाजपा सरकार ने संगीतकार भूपेन हजारिका को भारत रत्न दिया, तो कांग्रेस ने असम के इस महान व्यक्ति का अपमान किया। कांग्रेस पार्टी ने असम के नगांव जिले में सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लगाने के हमारे फैसले का भी विरोध किया।

प्रधानमंत्री ने दावा किया कि कांग्रेस को असम के लोगों से कोई प्यार और सम्मान नहीं है, बल्कि वे घुसपैठियों के प्रति पक्षपाती हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने उन घुसपैठियों का समर्थन किया जिन्होंने



असम की आबादी को बर्बाद कर दिया क्योंकि वे घुसपैठिए विपक्षी पार्टी के वोट बैंक हैं। इसके विपरीत, भाजपा ने हमेशा असम के लोगों के अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए काम किया है।

उन्होंने आगे कहा कि मौजूदा सरकार राज्य के मूल निवासियों की रक्षा के लिए अथक प्रयास कर रही है।

इससे पहले, पीएम मोदी ने गुवाहाटी में शहीद स्मारक क्षेत्र में ऐतिहासिक असम आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि दी, जो राज्य के लोगों के लिए एक बहुत ही भावुक क्षण था। प्रधानमंत्री ने फूल चढ़ाए और 1979 में शुरू हुए छह साल लंबे विदेशी विरोधी आंदोलन के पहले शहीद खर्गेश्वर तालुकदार की प्रतिमा पर माला पहनाई और असम की पहचान, संस्कृति और अधिकारों की रक्षा के लिए किए गए बलिदानों को याद किया।

शहीद स्मारक क्षेत्र उन 860 लोगों को समर्पित है जिन्होंने असम आंदोलन के दौरान अपनी जान गंवाई थी। अपनी यात्रा के दौरान, पीएम मोदी ने शहीदों की गैलरी का भी दौरा किया, जहां सभी शहीदों की प्रतिमाएं स्थापित हैं और सभी को सम्मान दिया।

प्रधानमंत्री ने ब्रह्मपुत्र नदी पर क्रूज जहाज 'चराइदेव' पर असम के विभिन्न हिस्सों से चुने गए 25 छात्रों के साथ एक विशेष और प्रेरणादायक बातचीत भी की, जो राज्य की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान एक अनोखी मुलाकात थी।

### 11वीं के छात्र ने हत्यारे दूध कारोबारी को गोलियों से भुना

गाजियाबाद ,गाजियाबाद के मुरादनगर में बदले की आग में जल रहे एक नाबालिग ने फिल्मी अंदाज में सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया। ओलंपिक तिराहे के पास दिनदहाड़े एक 17 वर्षीय किशोर ने जमानत पर बाहर चल रहे सजायाफ्ता कैदी की कनपटी पर पिस्टल सटाकर गोली मार दी। मृतक की पहचान 50 वर्षीय इमरान के रूप में हुई है, जो कच्ची सराय कॉलोनी का रहने वाला था। हैरानी की बात यह है कि हत्या को अंजाम देने के बाद आरोपी छात्र ने भागने की बजाय खुद थाने जाकर सरेंडर कर दिया और पुलिस को बताया कि उसने अपने ताऊकी हत्या का बदला ले लिया है। यह बदला उस कत्ल का था जो आरोपी के पैदा होने से भी एक साल पहले हुआ था। घटनाक्रम के मुताबिक, इमरान शनिवार दोपहर ओलंपिक तिराहे पर एक साइकिल रिपेयरिंग की दुकान पर बैठा था। वह पेशे से दूध सप्लाई का काम करता था और अपने परिवार के साथ रहता था। तभी बाइक पर सवार होकर आए 11वीं कक्षा के छात्र ने उसे निशाना बनाया।

# पहाड़ी समाज अपनी अस्मिता के लिए हो रहा एकजुटः हरीश रावत



हल्द्वानी। पहाड़ी आर्मी की ओर से संचालित पहाड़ी हिंदू सशक्तिकरण अभियान रविवार को छड़ैल स्थित भीम विहार में हुआ। इस दौरान क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने संगठन के उद्देश्यों की सराहना करते हुए इसकी सदस्यता ग्रहण की। वक्ताओं ने पहाड़ी संस्कृति और पहचान को बचाने के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। पहाड़ी आर्मी के संस्थापक अध्यक्ष हरीश रावत ने संगठन के मूल उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हजारों साल पुरानी पहाड़ी परंपराओं, लोक भाषा और वेशभूषा पर बाहरी अतिक्रमण हो रहा है। उन्होंने नारा दिया ह्यपहाड़ी आर्मी से जुड़ो, अपनी जड़ों से जुड़ोह्ण और समाज को एकजुट करने का संकल्प दोहराया। नगर अध्यक्ष भुवन पांडे ने बताया कि जनता अपनी बोली–भाषा, लोक देवता और परंपराओं के संरक्षण के लिए इस अभियान से बढ़–चढ़कर जुड़ रही है। संगठन ने आगामी 7 जनवरी से हल्द्वानी के पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच में आयोजित होने वाले उत्तरायणी मेले में बड़ी संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील भी की। इस दौरान कमल बिष्ट, आनंदी रावत, कैलाश पांडे, मनोज बहुगुणा, दीपा डंगवाल, मीना रावत, आनंदी रावत ने सदयस्ता ग्रहण की।

# गार्डेनरीच इमारत कांड के मुख्य आरोपी के खिलाफ नोटिस जारी

### घटना के बाद शाहनवाज पहचान बदलकर अरब के अबू धाबी में जा छिपा

कोलकाता , मटियाबुर्ज संलग्न गार्डेनरीच थाना इलाका के फतेहपुर के संलग्न विलेज रोड अजहर मोल्ला बागान तब वर्ष 2024 के 17 मार्च को देश भर की मीडिया के नजरों में आ गया था जब यहां एक निर्माणाधीन इमारत ताश की पत्तों की तरह धराशायी हो गई। इस घटना में 13 लोगों की मौत हो चुकी है। जी ड्हां, उक्त घटना में प्रमोटर मो. वसीम की गिरफ्तारी तो हो चुकी थी लेकिन मुख्य आरोपी शाहनवाज अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर है। अधिकारिक जानकारी में बताया गया है कि, इस घटना के 88 दिन बाद पेश की गई चार्जशीट में जमीन के



मालिक और प्रमोटर समेत कुल छह लोगों पर आरोप लगाया गया था। आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला भी दर्ज किया गया था, लेकिन ट्रायल प्रभावित हुआ क्योंकि मुख्य आरोपी मो. शाहनवाज अभी भी फरार है। कहा जा रहा है कि शाहनवाज विदेश भाग गया गया है। हालांकि उसके खिलाफ 'लुकआउट नोटिस' जारी किया गया था, लेकिन पुलिस उसे लंबे समय से गिरफ्तार नहीं कर पाई है। बहरहाल जांचकर्ताओं को फरार आरोपी के बारे में कई अहम जानकारी मिली है। वैसे कोलकाता पुलिस सूत्रों का दावा है कि शाहनवाज गिरफ्तारी से बचने के लिए देश छोड़कर अरब अमीरात में छिप गया है। लालबाजार पुलिस मुख्यालय सूत्रों के मुताबिक, वह अभी अपना नाम और पहचान बदलकर अबू धाबी में छिपा हुआ है। ऐसे में भारत सरकार की व्यवस्था के कान खड़े हो गए है और उसकी गिरफ्तारी के लिए प्रक्रिया तेज कर दी गई है। अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि, मो. शहनवाज के खिलाफ अब 'येलो कॉर्नर' नोटिस जारी की गई है।

### दर्दनाक सड़क हादसा : सीमेंट से लदा ट्रक पलटा, दबने से 2 की मौत

छिंदवाड़ा , मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा में देर शाम दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जहां सीमेंट से लदा ट्रक पलटने से कुछ लोग दब गए, जिनमें 2 लोगों की मौत हो गई। वहीं कई लोग घायल भी हुए हैं। दरअसल, दमुआझरामपुर मार्ग में सीमेंट से भरा ट्रक जा रहा था। लेकिन तेज रफ्तार की वजह से ड्राइवर ने अपना संतुलन खो दिया और वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज गति और मोड़ पर नियंत्रण खोने के कारण ट्रक संतुलन खो बैठा और सड़क के किनारे पलट गया। हादसे में ट्रक के नीचे दबने से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और छह से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनमें एक मोटरसाइकिल भी दुर्घटना की चपेट में आ गई, जिस पर सवार तीन लोग घायल हुए। मृतक दमुआ क्षेत्र के स्थानीय बताए जा रहे हैं।

# सहकारिता आपसी विश्वास, सामाजिक समता और आत्मनिर्भरता की गारंटी -योगी आदित्यनाथ

लखनऊ ,मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सहकारिता आपसी विश्वास, सामाजिक समता और आत्मनिर्भरता की गारंटी है। सहकारिता के माध्यम से विकसित भारत की संकल्पना को साकार करना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन है। उन्होंने युवाओं को इस आंदोलन के भविष्य का शिल्पी बताते हुए कहा कि उन्हें इस दिशा में खुद को तैयार करना होगा।

यह 'युवा सहकार सम्मेलन–2025 और 'यूपी कोऑपरेटिव एक्सपो् प्रदेश की समृद्धि और सामूहिक विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।मुख्यमंत्री ने सहकारिता क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर सहकारिता विभाग की पुस्तक का भी विमोचन किया गया।



मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय का गठन समाज की सहभागिता से समृद्धि का नया सोपान स्थापित करने के लिए किया गया। अमित शाह इस मंत्रालय के पहले मंत्री के रूप में सहकारिता आंदोलन को नई ऊँचाई दे रहे हैं। वर्ष 2025 को संयुक्त राष्ट्र संघ ने अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया है। राष्ट्रीय सहकारिता नीति–2025 का लक्ष्य प्रधानमंत्री के 'सहकार से समृद्धि विजन के माध्यम से वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। भारत में लगभग 8.44 लाख सहकारी समितियां हैं, जिनमें 30 करोड़ से अधिक सदस्य सामूहिक शक्ति के रूप में योगदान दे रहे हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में डिजिटलीकरण, ई–गवर्नेंस और पारदर्शी नीतियों के माध्यम से सहकारिता क्षेत्र में सुशासन और जवाबदेही सुनिश्चित की गई है। एम–पैक्स के माध्यम से सदस्यता विस्तार और सहकारी बैंकों के आधुनिकीकरण ने सहकारिता आंदोलन को और मजबूत बनाया है। प्रदेश में सहकारिता वर्ष 2025 पर बड़े पैमाने पर कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# बांग्लादेश में जारी हिंसा के बीच अगले आदेश तक चटगांव में भारतीय वीजा सेंटर बंद

चटगांव ,बांग्लादेश में तनाव के बीच चटगांव में पोर्ट सिटी में भारतीय वीजा सेंटर को रविवार से अगले नोटिस तक बंद कर दिया गया है। शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद बांग्लादेश में आगजनी और हिंसा देखने को मिल रही है। बीते दिन बांग्लादेश में भारतीय हाई कमीशन का घेराव करने के लिए कट्टरपंथियों का समूह निकला था। हालांकि, पुलिस ने उन्हें रोक दिया। इससे पहले ढाका और दो अन्य जगहों पर भी वीजा सेंटर बंद किए गए थे। उन्होंने कहा कि वीजा सेवा फिर से शुरू करने के बारे में आगे कोई भी घोषणा करने से पहले मौजूदा सुरक्षा हालात को। शुक्रवार को इंडियन असिस्टेंट हाई कमीशन के बाहर हिंसा देखने को



मिली, जिसमें दो पुलिसकर्मी समेत कम से कम चार लोग घायल हो गए। इस घटना के बाद ही चटगांव में अगले आदेश तक वीजा सेंटर बंद रखने का ऐलान किया गया है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कट्टरपंथी समूह इंकलाब मंच के प्रवक्ता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद से ही देशभर में ऐसी भयावह स्थिति बनी हुई है। पुलिस ने कहा कि शुक्रवार तड़के चटगांव के खुल्शी इलाके में इंडियन मिशन के ऑफिस के बाहर प्रदर्शनकारी जमा हुए और उन्होंने ईंटें फेंकना शुरू कर दिया। इस दौरान कट्टरपंथी उपद्रवियों ने कुछ हिस्सों में तोड़फोड़ भी शुरू कर दी।

चटगांव मेट्रोपॉलिटन पुलिस (सीएमपी) कमिश्नर हसीब अजीज ने कहा कि पुलिस के दखल की वजह से पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का–मुक्की हुई। झड़प में घायल हुए लोगों को इलाज के लिए चटगांव मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल ले जाया गया। बांग्लादेशी अखबार ढाका ट्रिब्यून के मुताबिक अजीज ने आगे कहा कि पुलिस ने मौके से कई लोगों को हिरासत में लिया है और उन पर एंटी–टेररिज्म एक्ट के तहत मामला दर्ज होने की संभावना है।

### माउंट आबू मार्ग पर अनियंत्रित होकर पलटी बस, 25 यात्री घायल

सिरोही । राजस्थान के सिरोही जिले के आबूरोड क्षेत्र में रविवार को एक भीषण सड़क हादसा हुआ। माउंट आबू मार्ग पर वीर बावसी मंदिर के पास एक यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बस में सवार करीब 25 यात्री घायल हो गए, जिसके बाद मौके पर अफरा–तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया और पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही सदर थाना पुलिस व छिपा बेरी चौकी की टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू कराया। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए एम्बुलेंस के जरिए ट्रॉमा सेंटर और नजदीकी अस्पताल भेजा गया। किसी तरह की जनहानि नहीं होने पर प्रशासन ने राहत की सांस ली। जानकारी के अनुसार, यह बस गुजरात से आए यात्रियों को लेकर माउंट आबू घूमने गई थी और वापसी के दौरान हादसा हुआ। फिलहाल सभी घायलों की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है, लेकिन डॉक्टरों की निगरानी में उपचार जारी है। हालांकि हादसे की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। वहीं, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# अंधाधुंध फायरिंग से दहला शहर, 10 लोगों की मौत

### कई घायल– सड़कों पर मौजूद भीड़ को बनाया निशाना

जोहान्सबर्ग ,दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. यहां के बेकर्सडेल इलाके में अज्ञात बंदूकधारियों ने आम लोगों पर अंधाधुंध गोलियां बरसा दीं, जिससे पूरा इलाका गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा. इस भीषण गोलीबारी में 10 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है, जबकि 10 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं. घायलों को आनन–फानन में नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है. गौतेंग प्रांत की पुलिस प्रवक्ता ब्रिगेडियर ब्रेंडा मुरीडिली ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि हमलावरों ने बिना किसी चेतावनी के सड़कों पर मौजूद भीड़ को निशाना बनाया. यह खूनी खेल जोहान्सबर्ग शहर से करीब 40 किलोमीटर दूर दक्षिण–पश्चिम में स्थित बेकर्सडेल में खेला गया. पुलिस जांच में सामने आया है कि गोलीबारी उस स्थान के पास हुई जहां अवैध रूप से शराब बेची जा रही थी (अवैध शराबखाना). यह इलाका देश की कुछ प्रमुख सोने की खानों के नजदीक स्थित एक गरीब बस्ती है. फिलहाल पुलिस को हमले के पीछे के मकसद का पता नहीं चल पाया है और हमलावरों की तलाश में छापेमारी की जा रही है. दक्षिण अफ्रीका में इस महीने फायरिंग की यह दूसरी बड़ी वारदात है, जिसने वहां की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं.

## सम्पादकीय

# रक्षा क्षेत्र में भ्रष्टाचार की जड़ें

देश की आर्थिक एवं सामाजिक व्यवस्था में भ्रष्टाचार का होना एक बड़ा चिंता का कारण है। भारत में भ्रष्टाचार की जड़ें इस प्रकार से गहराई तक समा चुकी है कि उसका समूल नाश करना किसी भी सरकार के लिए संभव नहीं हो पा रहा है। परेशानी यह है कि जब सत्ता से लेकर निचले स्तर तक भ्रष्टाचार का बोलबाला हो तो ऐसे में कहां तक व्यवस्था सुधारी जा सकती है? रक्षा क्षेत्र खासतौर से सेना को हमारे देश में काफी सम्मान के साथ देखा जाता है लेकिन रक्षा का क्षेत्र भी भ्रष्टाचार के जाल में जकड़ा हुआ है। इसका एक ताजा उदाहरण तब सामने आया जब सीबीआई ने एक उच्च सैन्य अधिकारी को लाखों रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। न केवल उसके घर से करोड़ों की रकम प्राप्त हुई बल्कि उसकी सैन्य अधिकारी पत्नी के पास से भी लाखों रुपए बरामद हुए। सेना के अंदर भ्रष्टाचार की इस "एंट्री" ने पूरे देश को हिला कर रख दिया है। देश की रक्षा व्यवस्था से जुड़े सबसे संवेदनशील तंत्र पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। केंद्रीय जांच ब्यूरो ने रक्षा मंत्रालय के अधीन कार्यरत एक सेवारत सैन्य अधिकारी, लेफ्टिनेंट कर्नल को कथित रिश्वत और भ्रष्टाचार के एक बड़े मामले में गिरफ्तार किया तो रक्षा तंत्र भी भ्रष्टाचार से भरा हुआ नजर आने लगा है। यह कार्रवाई न केवल सैन्य प्रतिष्ठानों में व्याप्त भ्रष्टाचार की आशंकाओं को उजागर करती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि जांच एजेंसियां अब उच्च पदों पर बैठे अधिकारियों के खिलाफ भी सख्त कदम उठाने से पीछे नहीं हट रही हैं जो की एक सराहनीय करवाई है। भ्रष्टाचार चाहे किसी भी विभाग में हो उसे करने वाले बेनकाब होने ही चाहिए। आरोपी लेफ्टिनेंट कर्नल दीपक कुमार शर्मा रक्षा उत्पादन विभाग में उप–योजना अधिकारी (डिप्टी प्लानिंग ऑफिसर) के पद पर तैनात थे, जिन्हें उनके एक निजी व्यक्ति विनोद कुमार के साथ हिरासत में लिया गया, जो इस कथित घूसखोरी नेटवर्क में मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा था। यानी कि भ्रष्टाचार के इस खेल को सिविलियन के साथ मिलकर ही चलाया जा रहा था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मामला रक्षा से जुड़े ठेकों और व्यावसायिक सौदों में अनुचित लाभ पहुंचाने से जुड़ा हुआ है। यह मामला केवल एक व्यक्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके तार रक्षा आपूर्ति श्रृंखला और ठेका प्रक्रिया के व्यापक नेटवर्क से जुड़े हो सकते हैं। जब्त दस्तावेजों और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की फॉरेंसिक जांच के आधार पर आने वाले दिनों में और खुलासे हो सकते हैं जिसके लिए सीबीआई की जांच पर पूरे देश को भरोसा है। रक्षा मंत्रालय और भारतीय सेना के लिए यह मामला अत्यंत संवेदनशील माना जा रहा है, क्योंकि इससे न केवल सम्मानित विभाग की साख प्रभावित होती है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े निर्णयों की पारदर्शिता पर भी प्रश्नचिह्न लगता है। सीबीआई की यह कार्रवाई एक कड़ा संदेश देती है कि भ्रष्टाचार चाहे किसी भी स्तर पर हो, कानून की पकड़ से बाहर नहीं रहेगा। आज भ्रष्टाचार ने देश के लगभग सभी विभागों को बुरी तरह से जकड़ कर रखा है और भ्रष्टाचार के इस खेल में राजनेता भी पाक साफ नहीं है। कल्पना की जा सकती है जहां पूरे सिस्टम में ही भ्रष्टाचारी भरे पड़े हो वहां एक पारदर्शी संवैधानिक व पारदर्शी व्यवस्था की कल्पना कैसे की जा सकती है?

# राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देकर संबंधों को मजबूत कर रहा भारत

**एस. सुनील**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस के साथ भारत के संबंधों को 'ध्रुव तारे की तरह अटल बताया। उन्होंने कहा कि 25 साल पहले राष्ट्रपति पुतिन ने ही साझेदारी की नई बुनियाद रखी थी और उसके बाद दुनिया के कितने संकट देखे, दोनों देशों ने कितने उतार चढ़ाव देखे फिर भी दोनों के संबंध स्थिर रहे। दोनों देशों ने अपने नागरिकों के बीच संबंधों को और प्रगाढ़ करने के साथ साथ आर्थिक सहयोग बढ़ाने के नए लक्ष्य तय किए।

रूस समय की कसौटी पर आजमाया हुआ भारत का दोस्त है। उसे सही अर्थों में भारत का सदाबहार दोस्त कह सकते हैं। अनगिनत मौकों पर रूस का वीटो संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत के काम आया है। 1971 की लड़ाई के समय अमेरिका के सातवें बेड़े के सामने रूस की समुद्री ताकत भारत के काम आई थी। रूस की तकनीक से भारत की सेना मजबूत और सक्षम हुई है तो रूसी तकनीक से भारत कुडनकुलम में सबसे सफल तरीके से परमाणु ऊर्जा का उत्पादन कर रहा है। रूसी तेल व गैस ने न सिर्फ भारत की, बल्कि पूरी दुनिया की ऊर्जा स्थिरता सुनिश्चित की। उसी रूस के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की दोस्ती को एक नई ऊंचाई दी है।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन चार साल के बाद भारत की यात्रा पर आए तो जिस सहज अंदाज में प्रधानमंत्री से उनकी मुलाकातें हुईं और जितने मंचों पर दोनों ने अपनी बात रखी उससे कूटनीतिक, भू राजनीतिक और आर्थिक मुद्दों पर दोनों की वैचारिक स्पष्टता और एक दूसरे के साथ सहयोग करने की सोच सामने आई। दोनों के बीच भरोसा ऐसा दिखा कि अमेरिकी राष्ट्रपति की गाड़ी 'बीस्टझ से चार गुना ज्यादा सुरक्षित राष्ट्रपति पुतिन की गाड़ी पीछे पीछे चली और वे खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनकी गाड़ी में बैठ कर प्राइवेट डिनर के लिए गए।

दोपक्षीय संबंधों को लेकर राष्ट्रपति पुतिन ने बिल्कुल सही कहा कि वे सिर्फ तेल और गैस की बात करने भारत नहीं आए हैं। यह बात उन तमाम लोगों के लिए एक संदेश था, जो उनकी यात्रा से पहले अटकल लगा रहे थे कि रूस और भारत के बीच हजारों करोड़ रुपए के रक्षा सौदे होंगे या भारत तेल व गैस की खरीद का सौदा करेगा। यह कितनी बड़ी बात है कि राष्ट्रपति पुतिन की यात्रा में कोई रक्षा सौदे होने की खबर नहीं आई। भारत एस 400 मिसाइल सिस्टम खरीद रहा है या एस 500 भी खरीदेगा और एसयू 57 लड़ाकू विमान भी खरीदेगा। परंतु राष्ट्रपति पुतिन की इस यात्रा में इस बारे में कोई नया समझौता नहीं हुआ।

पहले कहा जा रहा था कि राष्ट्रपति पुतिन अपना सामान बेचने भारत आ रहे हैं। परंतु इसका उलटा हुआ राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि वे भारत से रोजमर्रा की आवश्यकता की वस्तुओं और सेवाओं की खरीद बढ़ाने को तैयार हैं। यानी उन्होंने भारत से आयात बढ़ाने की सैद्धांतिक सहमति दी। रूस के साथ अगर भारत का आयात बढ़ता है तो निश्चित रूप से भारत के औद्योगिक और विनिर्माण सेक्टर में तेजी आएगी। ध्यान रहे अभी तक ज्यादातर देशों के साथ भारत का व्यापार घाटे में चलता है। अमेरिका एक बड़ा अपवाद है, जिससे भारत जितना सामान खरीदता है उससे दोगुने से ज्यादा बेचता है। हालांकि अब टैरिफ बढ़ने से अमेरिका को होने वाला आयात भी कम हुआ है और उसके बाद ही भारत अपने उत्पादों और सेवाओं के लिए दूसरे बाजार तलाश रहा था। अब रूस का बड़ा बाजार भारत को मिलने की गारंटी हो गई है।राष्ट्रपति पुतिन की इस यात्रा में जिन अनेक विषयों पर सहमति बनी है उसमें एक विषय अपनी मुद्रा में कारोबार करने की भी है। ध्यान रहे डॉलर की बढ़ती कीमत के कारण भारत का आयात बिल बढ़ रहा है। डॉलर के लिए भारत को ज्यादा पैसे चुकाने पड़ रहे हैं। रूस के



साथ रुपए में कारोबार होने से भारत के आयात बिल में बड़ा अंतर आएगा, जिससे व्यापार घाटा कम होगा। ऐसे ही दुनिया के अनेक पश्चिमी देश और पूर्व में भी ऑस्ट्रेलिया आदि देशों में भारतीयों के प्रति घृणा अपराध में बढ़ोतरी हुई है और इन देशों ने वीजा के नियम भी सख्त किए हैं ताकि भारतीय छात्रों और पेशेवरों को आने से रोका जा सके।

रूस के साथ समझौते के बाद भारतीय छात्रों और पेशेवरों के लिए रूस में नए अवसर बनेंगे। भारत और रूस के बीच हुए 23वें सालाना शिखर सम्मेलन में इस पर सहमति बनी है कि रूस में भारत के कुशल पेशेवरों को नौकरी मिलेगी। इसके लिए भारत और रूस के बीच स्किल्ड लेबर मोबिलिटी की संधि हुई है। इसी तरह से रूस भारतीय छात्रों के लिए भी अपने नियमों में ढील देगा। भारत भी रूस के नागरिकों को 30 दिन का मुफ्त वीजा देगा। यह भारत में पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के काम आने वाला निर्णय है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस के साथ भारत के संबंधों को 'ध्रुव तारे की तरह अटलझ बताया। उन्होंने कहा कि 25 साल पहले राष्ट्रपति पुतिन ने ही साझेदारी की नई बुनियाद रखी थी और उसके बाद दुनिया के कितने संकट देखे, दोनों देशों ने कितने उतार चढ़ाव देखे फिर भी दोनों के संबंध स्थिर रहे। दोनों देशों ने अपने नागरिकों के बीच संबंधों को और प्रगाढ़ करने के साथ साथ आर्थिक सहयोग बढ़ाने के नए लक्ष्य तय किए। दोनों देशों के बीच दोपक्षीय कारोबार को 2030 तक एक सौ अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। यह अभी 64 अरब डॉलर सालाना पर है। लेकिन इसमें तेजी से बढ़ोतरी हो रही है और प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि लक्ष्य भले 2030 का है लेकिन इसे पहले ही हासिल कर लिया जाएगा।

यानी दोनों देशों के बीच कारोबार अगले एक दो साल में ही एक सौ अरब डॉलर की सीमा पार कर जाएगा। राष्ट्रपति पुतिन की इस यात्रा के दौरान हुए समझौतों की इसमें बड़ी भूमिका होगी। उनकी इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच कई अहम समझौते हुए। इसमें साझा तौर पर जलपोतों के निर्माण से लेकर शिपिंग लेन में निवेश और परमाणु ऊर्जा व महत्वपूर्ण खनिजों से जुड़े समझौते शामिल हैं। दोनों देशों के बीच खाद उत्पादन को लेकर करार हुआ तो मीडिया के क्षेत्र में भी पांच करार हुए। भारत में रूसी चैनल आरटी को राष्ट्रपति पुतिन ने लॉन्च किया। रूस के नेतृत्व वाले यूरेशिया इकोनॉमिक फोरम के साथ भारत की व्यापार संधि पर भी सहमति बनी है। इससे भारत के लिए एक बड़ा बाजार खुल सकता है।

गौरतलब है कि भारत अपनी ऊर्जा जरुरतों के लिए तेल के आयात पर निर्भर है। लेकिन इस निर्भरता को कम करने और भारत के नागरिकों को स्वच्छ ऊर्जा की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए केंद्र सरकार प्रतिबद्ध है। इस प्रतिबद्धता को पूरा करने में रूस बड़ी भूमिका निभाएगा। भारत आते ही राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि तमिलनाडु के कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र को उसकी पूरी क्षमता तक पहुंचाने में रूस पूरी मदद करेगा। ध्यान रहे यह ऊर्जा संयंत्र रूस के सहयोग से बना है। इसके दो रिएक्टर काम करने लगे हैं, जबकि चार रिएक्टरों पर काम चल रहा है। तीसरे रिएक्टर के लिए रूसी ईंधन की आपूर्ति शुरू हो गई है और राष्ट्रपति पुतिन ने कहा है कि जल्दी ही सारे रिएक्टर शुरू होंगे। अगर सारे रिएक्टर शुरू हो जाते हैं तो तमिलनाडु के साथ साथ पड़ोसी राज्यों कर्नाटक, केरल और पुडुचेरी को इसका बड़ा लाभ मिलेगा। राष्ट्रपति पुतिन ने भारत को तेल और गैस की निर्बाध आपूर्ति जारी रखने का भी वादा किया।समस्त व्यापार समझौतों और राष्ट्रपति पुतिन के सद्भाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूक्रेन युद्ध पर भी बात की और शांतिपूर्ण समाधान की आवश्यकता बताई। उन्होंने राष्ट्रपति पुतिन के सामने कहा कि भारत तटस्थ नहीं है, बल्कि शांति के पक्ष में है। यह मामूली बात नहीं है। इससे पहले भी प्रधानमंत्री ने यूक्रेन के साथ चल रहे युद्ध को लेकर कहा था कि यह युद्ध का समय नहीं है। जो बात राष्ट्रपति पुतिन के सामने कहने से बड़े बड़े राष्ट्राध्यक्ष हिचक रहे हैं वह बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कही।

उन्होंने बताया कि भारत हमेशा शांति का पक्षधर रहा है। निश्चित रूप से यह भारत की कूटनीति और वैश्विक आर्थिक नीति का नया दौर है। टैरिफ के जरिए भारत को वैश्विक स्तर पर कॉर्नर करने का प्रयास हुआ तो भारत ने नए रास्ते बनाए हैं। व्यापार के लिए नए बाजार तलाशे हैं तो अपनी ऊर्जा जरुरतों को पूरा करने के भी नए उपाय खोजे हैं। नए दौर की कूटनीति में भारत ने दिखाया है कि अपने सारे हित किसी एक देश या किसी एक संगठन के साथ नहीं जोड़े जा सकते हैं। भारत अपने राष्ट्रीय हितों, नागरिकों की आवश्यकताओं और ऊर्जा जरुरतों के लिए अलग अलग संधियां कर सकता है।

ऐसा नहीं है कि भारत ने रूस के साथ दोस्ती को मजबूत करने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है तो यह किसी दूसरे देश के खिलाफ है। हर देश के साथ भारत के संबंध एक दूसरे के साझा हितों की वजह से जुड़े हुए हैं। राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि भारत और चीन उनके दो सबसे करीबी दोस्त देश हैं। उनके दृष्टिकोण से यह बात सही होगी लेकिन चीन के साथ भारत के संबंध इससे तय नहीं होंगे, बल्कि चीन के साथ भारत के संबंध अपने हितों के आधार पर तय होंगे।इसी तरह अगर यूरोपीय संघ या अमेरिका के साथ रूस के संबंध अच्छे नहीं हैं तो उससे भारत का संबंध तय नहीं होगा। भारत ने ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार संधि की है और यूरोपीय संघ के साथ भी वार्ता चल रही है। अमेरिका के साथ भी जल्दी ही भारत की व्यापार संधि होगी। इस तरह नए भारत ने दिखाया है कि वह अब किसी एक देश या एक संगठन के भरोसे नहीं है, बल्कि एक महाशक्ति की तरह अपनी नीतियां खुद तय करने में सक्षम है। भारत उसी तरह से अपनी वैश्विक आर्थिक नीति और भू राजनीति से जुड़ी नीतियां तय कर रहा है, जैसे अमेरिका और चीन जैसी महाशक्तियां करती हैं। भारत अपने दोस्त चुन रहा है और अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देकर उनके साथ संबंधों को मजबूत कर रहा है।

# ट्रंप का पुतिन से पुराना याराना व साठगांठ

**हरिशंकर व्यास**

दिसंबर में पुतिन, जनवरी में शायद ट्रंप और फिर शी जिनपिंग के गले लगना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नियति है। इन तीनों विश्व नेताओं के लिए नरेंद्र मोदी इसलिए उपयोगी हैं क्योंकि भारत कमाई का बाजार है। बाजार भी ऐसा, जिसमें कुछ भी, मनचाहे दाम पर बेचा जा सकता है। भारत में चीन के सस्ते और घटिया उत्पादों की भी खपत है तो रूस के दोयम दर्जे के हथियार भी उसकी आवश्यकता है। वही अमेरिकी सोशल मीडिया से लेकर मैकडोनाल्ड, केएफसी, पेप्सी, कोक सब तो गरीब, मध्य वर्ग, अमीर भारतीयों की भूख है !इसलिए जो ज्ञानी, कूटनीतिज्ञ, विशेषज्ञ पुतिन की भारत यात्रा से भूराजनीति, सुरक्षा, सामरिक रिश्तों में करवट या डोनाल्ड ट्रंप को जवाब जैसी बड़ी बातें बोल रहे हैं वह सब फालतू है। पुतिन से सिर्फ भारत खरीदेगा। भारत–रूस की दोस्ती से भारत की सामरिक–भूराजनीतिक गणित में रत्ती भर इजाफा नहीं है।

वह वक्त अलग था जब सोवियत संघ तथा चीन में झगड़ा था, उनकी सीमा पर तनाव था। पर तब भी (1962 में चीन के हमले के समय) भी सोवियत संघ याकि रूस भारत की मदद के लिए नहीं दौड़ा था। तब ब्रिटेन, अमेरिका से ही इमरजेंसी सप्लाई थी। सोवियत संघ के बिखराव के बाद का रूस अब पुतिन राज से यूक्रेन युद्ध के चलते चीन का मोहरा सा है तो कल्पना करें कि यदि चीन ने अरूणाचल को हड़पने की सैनिक कार्रवाई की तो पुतिन क्या भारत की मदद में दौड़ेंगे ?हां, पाकिस्तान हो या बांग्लादेश, नेपाल या श्रीलंका मतलब पूरे दक्षिण एशिया की भूराजनीति में अब चीन

**पाकिस्तान हो या बांग्लादेश, नेपाल या श्रीलंका मतलब पूरे दक्षिण एशिया की भूराजनीति में अब चीन की बिसात में रूस, भारत का नहीं बल्कि चीन का प्यादा है और रहेगा। यही मायने वाला सत्य है। पर पश्चिमी दुनिया में अछूत हुए रूस के लिए भारत की उपयोगिता भारी है। भारत उससे तेल, हथियार सब खरीदता है और इस व्यापार में उसे मुनाफा ही मुनाफा है। साथ ही भारत अहसान मानते हुए वैश्विक मंचों, संयुक्त राष्ट्र में रूस को लेकर तटस्थ या समर्थक होता है। तभी भारत–रूस की दोस्ती न केवल पुरानी है, बल्कि टिकाऊहै।**

की बिसात में रूस, भारत का नहीं बल्कि चीन का प्यादा है और रहेगा। यही मायने वाला सत्य है। पर पश्चिमी दुनिया में अछूत हुए रूस के लिए भारत की उपयोगिता भारी है। भारत उससे तेल, हथियार सब खरीदता है और इस व्यापार में उसे मुनाफा ही मुनाफा है। साथ ही भारत अहसान मानते हुए वैश्विक मंचों, संयुक्त राष्ट्र में रूस को लेकर तटस्थ या समर्थक होता है। तभी भारत–रूस की दोस्ती न केवल पुरानी है, बल्कि टिकाऊ है।जाहिर है मौजूदा रिश्ते भारत के उस बाजार के हित से हैं, जिससे एक तरफ भारत की हथियार–ईंधन आवश्यकता पूरी होती है तो दूसरी तरफ रूस के लिए मुनाफे के नाते भारत के एकाधिकारी बाजार का स्थायी मौका है।वही अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप भारत के बाजार को अपनी शर्तों में ढलवाने के लिए उस पर इन दिनों टैरिफ शिकंजा बनाए हुए हैं। तथ्य है कि रूस और चीन भारत के बाजार में बेइंतहां मुनाफा कमाते हैं वही अमेरिका हमेशा से घाटे में रहा है। उसकी यह स्थिति चीन के साथ व्यापार में भी है लेकिन चीन को अमेरिका झुका नहीं सकता। तभी ट्रंप ने चीन से समझौता किया है। मगर वे भारत को झुकाने पर आमादा हैं। फालतू बात है कि भारत के पुतिन कार्ड से ट्रंप घबराएंगे। मेरा मानना है कि जनवरी–फरवरी में मोदी सरकार ट्रंप प्रशासन के साथ करार कर लेगी। उससे संभव है यह हेडलाइन बनवाई जाए कि पुतिन के साथ कूटनीति से प्रधानमंत्री मोदी ने ट्रंप प्रशासन को मजबूर किया। जबकि असलियत में ट्रंप का पुतिन से पुराना याराना व साठगांठ है। बहरहाल, इससे सर्वाधिक फायदे में चीन और शी जिनपिंग है। कोई न माने इस तथ्य को लेकिन कूटनीतिक–भूराजनीतिक–व्यापारिक पैमानों सभी में सन् 2025 का वर्ष इतिहास में चीन के अमेरिका के बराबर आ खड़े होने के ऐतिहासिक वर्ष के रूप में जिक्रहोगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने अपनी मूर्खताओं में चीन को बराबरी की महाशक्ति बना दिया है। और सोचें चीन की नई वैश्विक क्षत्रपता में रूस क्या है? उसका एक मोहरा। और भारत क्या है? चीन, रूस और अमेरिका तीनों का एक कैप्टिव बाजार! क्या नहीं?

# तू मेरी मैं तेरा... का ट्रेलर जारी, प्यार से भावनाओं के दरिया में बहाने आए अनन्या–कार्तिक

कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे की रोमांटिक–कॉमेडी फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरीझ् का ट्रेलर अंततः आज रिलीज हो गया है। फिल्म की रिलीज से सिर्फ एक हफ्ते पहले मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर जारी किया है।

ट्रेलर की शुरुआत कार्तिक आर्यन के साथ होती है, जिसमें वो कहते हैं कि बीते कल और आने वाले भविष्य की छोड़कर सिर्फ वर्तमान में जीना चाहिए। जो मौजूदा वक्त में आपके पास है, उस पल का आनंद लो। इसके बाद ट्रेलर में अनन्या पांडे की एंट्री होती है, जो फिल्म में एक लेखक बनी हैं। 3 मिनट 21 सेकंड के इस ट्रेलर में कुछ भी नया देखने को नहीं मिलता है। कार्तिक आर्यन लड़की को इंप्रेस करने के लिए क्रीपी पंच लाइन मारते हैं। ट्रेलर में विदेशों की



अच्छी–अच्छी लोकेशन जरूर भाती हैं। बाकी सबकुछ आपको पहले की फिल्मों में देखा हुआ लगेगा। 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरीझ् का ट्रेलर आपको एक टिपिकल रोमांटिक–कॉमेडी फिल्मों की याद दिलाता है। जिसमें पहले हीरो–हीरोइन मिलते हैं, उनमें नोक–झोंक होती है। हीरोइन पहले हीरो से चिढ़ती है। दोनों परिस्थितियों वश साथ में ही रहते और फिर हिरोइन हीरो के प्यार में पड़ जाती है। दोनों के बीच रोमांस होता है और अंत में दोनों के बीच झगड़ा हो जाता है और फिर आता है सैड सॉन्ग। उसके बाद फिल्म का सदियों से चला रहा आ रहा एक हैप्पी एंडिंग मूमेंट। ट्रेलर देखकर फिल्म आपको ये ही फील देती है। ट्रेलर में ये सब आपको देखने को मिलेगा। ट्रेलर में फिल्म की बाकी कास्ट की भी झलक दिखती है।

# भारत ने मोहसिन नकवी से नहीं ली ट्रॉफी

नई दिल्ली। भारत को अंडर–19 एशिया कप के फाइनल में चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान से हार का सामना करना पड़ा है। पाकिस्तान ने उसे 191 रनों के विशाल अंतर से मात दी है। भारत को इस हार की उम्मीद नहीं थी क्योंकि टीम इंडिया का पलड़ा हमेशा से भारी रहा। इसी टूर्नामेंट के ग्रुप चरण के मैच में भारत ने पाकिस्तान को रौंदा था। फाइनल में टीम इंडिया ये काम नहीं कर सकी। वह उप–विजेता बनी। प्रेजेंटेशन सैरेमनी में भारतीय कप्तान आयुश म्हात्रे ने एशियन क्रिकेट काउंसिल और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन मोहसिन नकवी से ट्रॉफी नहीं ली।

भारत ने अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड मीरवाइस अशरफ से ट्रॉफी ली। सभी के मन में सवाल था कि क्या सीनियर टीम के एशिया कप की तरह इस एशिया कप में भी नकवी भारत को ट्रॉफी देंगे। भारत ने सीनियर टीम के एशिया कप में नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था और आज तक भारत को ये ट्रॉफी नहीं मिली है।

**ये है कारण**

इस अंडर–19 एशिया कप में पाकिस्तान से हारने के बाद ये तय हो गया था कि भारत को नकवी से ट्रॉफी नहीं



लेनी होगी। इसके कुछ प्रोटोकॉल हैं। एसीसी चेयरमैन विजेता टीम को ट्रॉफी देता है। यहां वो विजेता टीम पाकिस्तान थी और सीनियर एशिया कप में भारत। उप–विजेता टीम को ट्रॉफी एसोसिएशन के बाकी सदस्य में से कोई देता है तो ऐसे में भारत को ट्रॉफी अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चेयमैन ने दी।

अगर भारत यहां विजेता होता तो उसे ट्रॉफी नकवी ही देते और फिर संभवतः वही होता जो सीनियर टीम के एशिया कप में हुआ था। युवा टीम इंडिया फिर नकवी से ट्रॉफी लेने से मना कर देती और एक बार फिर ड्रामा होता।

**इसलिए नहीं ली थी ट्रॉफी**

भारत ने सीनियर टीम के एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाड़ियों से हाथ भी नहीं मिलाया था। इसका कारण अप्रैल–2025 में पहलगाम में हुआ आतंकी हमला था। भारत ने सितंबर में हुए उस टूर्नामेंट में तीन बार पाकिस्तान का सामना किया था और तीनों बार हाथ नहीं मिलाया था। इसी कारण भारत ने किसी भी पाकिस्तानी अधिकारी से ट्रॉफी लेने से मना कर दिया था। ये परंपरा महिला वनडे वर्ल्ड कप से लेकर अंडर–19 एशिया कप तक में जारी रही।

# धुरंधर बॉक्स ऑफिसः भारत में 500 करोड़ के करीब पहुंची फिल्म, 14वें दिन की खूब कमाई



धुरंधर बॉक्स ऑफिस पर अभी भी धमाकेदार कमाई कर रही है. धुरंधर ने अब बॉक्स ऑफिस पर अपनी रिलीज के दो हफ्ते पूरे कर लिए हैं. फिल्म ने 14वें दिन भी शानदार कलेक्शन किया है. धुरंधर की कमाई पर ब्रेक लगाने के लिए जेम्स कैमरून की मोस्ट अवेटेड फिल्म अवतारः फायर एंड ऐश आज 19 दिसंबर को वर्ल्डवाइड रिलीज हो चुकी है. भारत में अवतार 3 का बढ़िया क्रेज है और दर्शक इस फिल्म को देखने के लिए थिएटर की ओर दौड़ रहे हैं. इस बीच धुरंधर ने 14वें दिन अपनी कमाई से क्या धमाल किया है, चलिए जानते हैं. धुरंधर ने 14वें दिन यानी भारत में 25.30 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है. इसी के साथ फिल्म की भारत में कमाई 500 करोड़ रुपये के करीब पहुंच चुकी है. धुरंधर का 14 दिनों का डोमेस्टिक कलेक्शन 479.50 करोड़ रुपये हो गया है. कहना गलत नहीं होगा कि धुरंधर अपने तीसरे वीकेंड में 500 करोड़ रुपये का आंकड़ा आसानी से पार कर लेगी.

## फिल्म किस किसको प्यार करूँ 2 का सबसे रोमांटिक गीत 'हर सफ़र में हमसफ़र

हर सफ़र को प्यार की मौजूदगी से खूबसूरत बना देता है फिल्म किस किसको प्यार करूँ 2 का सबसे रोमांटिक गीत 'हर सफ़र में हमसफ़रझ्। यह दिल को छू लेने वाला गीत साथ होने की खूबसूरती, अनकही भावनाओं और रिश्ते की उस खामोश ताक़त को बयां करता है, जो सीधे दिल से जुड़ जाती है। महान गायक सोनू निगम की आवाज़ में सजा यह गीत वही जादू लेकर आता है, जिसके लिए वह दशकों से हिंदी सिनेमा में प्यार की पहचान रहे हैं। मोहब्बत, इंतज़ार और अपनापन जैसे जज़्बातों को उनकी आवाज़ जिस सहजता से उकेरती है, वही इस गीत को ख़ास बनाती है। 'हर सफ़र में हमसफ़रझ् खत्म होने के बाद भी मन में गूंजता रहता है। गीत में कपिल शर्मा और हीरा वरिना की जोड़ी बेहद सादगी भरी और ताज़गी से भरपूर नज़र आती है।

# एडिलेड टेस्ट : ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को जीत के लिए दिया 435 रन का लक्ष्य

एडिलेड ,। एडिलेड टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को जीत के लिए 435 रन का लक्ष्य दिया है। ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी 349 रन पर समाप्त हुई थी। ऑस्ट्रेलिया ने चौथे दिन के खेल की शुरुआत 4 विकेट पर 271 रन से की। हेड ने 142 और कैरी ने 52 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई। हेड 219 गेंद पर 2 छक्के और 16 चौकों की मदद से 170 रन की पारी खेलकर आउट हुए। हेड और कैरी के बीच पांचवें विकेट के लिए 162 रन की बेहद अहम साझेदारी हुई। हेड का विकेट गिरने के बाद एलेक्स कैरी 72 रन बनाकर आउट हुए। कैरी का विकेट गिरने के बाद ऑस्ट्रेलियाई पारी जल्द ही 349 रन पर सिमट गई।



ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 85 रन की बढ़त मिली थी। उसी आधार पर इंग्लैंड को जीत के लिए 435 रन का लक्ष्य मिला है। इंग्लैंड के लिए जोश टंग ने 4, ब्रायडन कार्स ने 3, जबकि जोफ्रा आर्चर, विल जैक्स और बेन स्टोक्स ने 1–1 विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एलेक्स कैरी के 106, उस्मान ख्वाजा के 82, और मिचेल स्टार्क के 54 रन की बदौलत 371 रन बनाए थे। इंग्लैंड के लिए जोफ्रा आर्चर ने 5, ब्रायडन कार्स और विल जैक्स ने 2–2, जबकि जोश टंग ने 1 विकेट लिए थे। कप्तान बेन स्टोक्स के 83, जोफ्रा आर्चर के 51 और हैरी ब्रूक के 45 रन की बदौलत इंग्लैंड ने पहली पारी में 271 रन बनाए थे। ऑस्ट्रेलिया के लिए पैट कमिंस और स्कॉट बोलैंड ने 3–3, नाथन लियोन ने 2, जबकि मिचेल स्टार्क और कैमरन ग्रीन ने 1–1 विकेट लिए। 435 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की शुरुआत एक बार फिर निराशाजनक रही है। 13 ओवर में इंग्लैंड ने 46 के स्कोर पर अपने 2 विकेट गंवा दिए हैं। बेन डकेट 4 और ओली पोप 17 रन बनाकर आउट हो चुके हैं। दोनों को ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने आउट किया।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वास्थ्य शिविर में 426 लोगों ने कराया परीक्षण

देहरादून। वैदिक ब्राह्मण सभा की ओर से आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 426 लोगों ने परीक्षण कराया। रविवार को सत्यपाल वाही अस्पताल में ओएनजीसी की ओर से स्वास्थ्य शिविर में ओएनजीसी के चिकित्सकों ने मरीजों का उपचार कर उन्हें दवाईयां दी। सभा के महामंत्री गौरव बक्शी ने बताया नेत्र परीक्षण के बाद जरूरतमंदों को निशुल्क चश्मे भी वितरित किए गए। इसके साथ ही शिविर में आए मरीजों को जरूरत के अनुसार कमर की बेल्ट, वॉकिंग स्टिक्स और अन्य स्वास्थ्य– संबंधी सुविधाएं दी गई। शिविर के दौरान विधायक सविता कपूर, पूर्व महापौर सुनील उनियाल गामा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं सभा के संरक्षक लाल चंद शर्मा, ओएनजीसी के जनरल मैनेजर एवं ऑस्पिताल के एचएमएस डॉ विकास लोईवाल, वरिष्ठ फार्मासिस्ट सूर्या प्रकाश शाह, भाजपा नेता जोगेंद्र पुंडीर, सचिन गुप्ता, पार्षद महिंदर कौर कुकरेजा, सभा के अध्यक्ष पंडित पवन शर्मा, उपाध्यक्ष प्रमोद मेहता, महामंत्री गौरव बक्शी एवं सह–मंत्री अभिलाष शर्मा, दिनेश कालिया, शंभू थपलियाल, बीएम शर्मा आदि लोगों मौजूद रहे।

### डॉ. जयपाल सिंह कोलंबिया पैसिफिक ग्लोबल ऑनर काउंसिल के 'बोर्ड मेंबर' नियुक्त

देहरादून। शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले डॉ. जयपाल सिंह को कोलंबिया पैसिफिक ग्लोबल ऑनर काउंसिल की ओर से संस्थान का बोर्ड मेंबर नियुक्त किया गया। मथुरा में आयोजित समारोह में देश–विदेश की जानी–मानी शैक्षणिक हस्तियां शामिल हुई। समारोह के दौरान काउंसिल की वाइस चांसलर डॉ. रश्मी शर्मा, डॉ. प्रिया दत्त आनंद, डॉ. कल्पना और डॉ. हरिप्रसाद आर्य ने संयुक्त रूप से डॉ. जयपाल सिंह को बोर्ड मेंबर का आधिकारिक सर्टिफिकेट और शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। डॉ. जयपाल सिंह को यह प्रतिष्ठित जिम्मेदारी मिलने पर क्षेत्र के बुद्धिजीवियों और सहयोगियों ने खुशी जाहिर की है। उन्हें बधाई देने वालों में मुख्य रूप से डॉ. सुरेंद्र लाल आर्य, डॉ. देवेन्द्र सिंह, डॉ. नानक चंद, डॉ. सीएल भारती और हरीचंद निमेष शामिल रहे। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि डॉ. सिंह की इस उपलब्धि से समाज में शिक्षा के प्रति एक सकारात्मक संदेश जाएगा।

### उत्तराखंड ने चंडीगढ़ को 1–0 से हराकर की विजयी शुरुआत

देहरादून। 79वीं संतोष ट्रॉफी फुटबॉल प्रतियोगिता में उत्तराखंड ने शानदार आगाज़ करते हुए रविवार को आगरा में खेले गए अपने पहले मुकाबले में चंडीगढ़ को 1झ0 से पराजित कर तीन महत्वपूर्ण अंक अर्जित किए। शारदा यूनिवर्सिटी फुटबॉल मैदान पर खेले गए इस मुकाबले में उत्तराखंड की टीम ने खेल के अधिकांश समय तक दबदबा बनाए रखा, हालांकि कई खुले मौके गंवाने के कारण जीत का अंतर और बड़ा हो सकता था। मैच का एकमात्र और निर्णायक गोल 74वें मिनट में पेनल्टी के जरिए दर्ज हुआ। उत्तराखंड के लेफ्ट विंगर अजेंद्र सिंह ने शानदार व्यक्तिगत कौशल का प्रदर्शन करते हुए विपक्षी टीम के डी–बॉक्स में प्रवेश किया, जहां चंडीगढ़ के खिलाड़ी द्वारा उन्हें गलत तरीके से टैकल कर दिया गया। इस पर रेफरी ने तुरंत पेनल्टी का निर्णय दिया। मिले पेनल्टी शॉट पर उत्तराखंड के अनुभवी खिलाड़ी नीरज भंडारी ने पूरे आत्मविश्वास के साथ गेंद को जाल में पहुंचाकर टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद शेष समय में चंडीगढ़ ने बराबरी के प्रयास किए, लेकिन उत्तराखंड की मजबूत रक्षापंक्ति ने उन्हें कोई सफलता नहीं मिलने दी। इस जीत के साथ उत्तराखंड ने टूर्नामेंट में अपने अभियान की सकारात्मक शुरुआत की है और टीम का मनोबल काफी ऊंचा नजर आ रहा है।

### सुरक्षित फुटपाथ के लिए सड़क पर उतरे दीप चंद्र पांडे

हल्द्वानी। शहर में पैदल चलने वालों के अधिकारों और फुटपाथों की बदहाली को लेकर फुटपाथ बचाओ आंदोलन का रविवार को औपचारिक आगाज हो गया है।

सामाजिक कार्यकर्ता दीप चंद्र पांडे ने इस जनआंदोलन के तहत अपना अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि जब तक प्रशासन इस समस्या का ठोस समाधान नहीं निकालता, उनका संघर्ष जारी रहेगा। आंदोलन की रूपरेखा साझा करते हुए दीप चंद्र पांडे ने बताया कि वह प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक धरने पर बैठेंगे। आंदोलन के पहले ही दिन स्थानीय नागरिकों ने स्वेच्छा से धरना स्थल पर पहुंचकर अपना समर्थन दर्ज कराया।

# देहरादून की सड़कों पर सेना संभालेगी मोर्चा, पढ़ाएगी नियमों का पाठ

देहरादून। राजधानी देहरादून में वाहनों के बढ़ते दबाव के साथ एक बड़ी बात यह सामने आ रही है कि यातायात नियमों के प्रति अनदेखी भी ट्रैफिक जाम की समस्या को बढ़ा रही है। ऐसे में लोक निर्माण विभाग/जिला सड़क सुरक्षा समिति की तैयारी है कि बिगड़ैल वाहन चालकों और नियमों की अनदेखी करने वालों को सेना के जवान पाठ पढ़ाएंगे। इसके लिए सेना के जवानों को यातायात वार्डन के रूप में प्रमुख सड़कों/जंक्शन पर तैनात करने की तैयारी कर दी गई है। इस संबंध में लोनिवि प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता ने पुलिस अधीक्षक यातायात और आरटीओ प्रशासन/प्रवर्तन को पत्र भेजा है। लोनिवि के अधिशासी अभियंता राजेश कुमार ने यह पत्र बतौर सचिव जिला सड़क सुरक्षा समिति भेजा है। इसमें जिलाधिकारी सविन बंसल के आदेश और कमान अधिकारी कर्नल पी थपलियाल के सुझाव का हवाला दिया गया है। पत्र के मुताबिक राजपुर रोड, घंटाघर, बल्लूपुर चौक और अन्य प्रमुख इलाकों में व्यस्त समय में ट्रैफिक की समस्या बेकाबू हो जाती है। वाहनों की बढ़ती संख्या के बीच यातायात नियमों के उल्लंघन से हालात चुनौतीपूर्ण बने रहते हैं। इसके साथ ही यातायात व्यवस्था में लगे कार्मिकों की कमी के कारण स्थिति में सुधार नजर नहीं आता है। कहा गया है कि सेना के जवानों को यातायात वार्डन के रूप में तैनात कर ट्रैफिक का बेहतर प्रबंधन किया जा सकता है। यह पहल दिल्ली में सफल हो चुकी है। ऐसे में देहरादून जैसे तेजी से बढ़ते शहर में इस तरह की व्यवस्था किया जाना समय की मांग भी है।

**सेना की अनुशासित उपस्थिति से हालात काबू में होंगे:** लोनिवि के अधिशासी अभियंता के पत्र के अनुसार सेना के जवान न सिर्फ स्थानीय यातायात विभाग के साथ समन्वय स्थापित करेंगे, बल्कि वह यातायात नियमों के उल्लंघन की पहचान भी करेंगे। दिल्ली में सेना की इस तरह की अनुशासित उपस्थिति से वाहन चालकों में नियम तोड़ने की प्रवृत्ति भी कम हुई। इसके साथ ही सेना के जवान यातायात नियमों के उल्लंघन का विवरण उसके स्थान, कारण को समय और तिथि के साथ अंकित करेंगे। साथ ही चालान करने के लिए यातायात पुलिस को विवरण भेजेंगे।

**व्यवस्था लागू करने को बिंदुवार एजेंडा मांगा:** पत्र में जिला सड़क सुरक्षा समिति के सचिव के नाते अधिशासी अभियंता ने पुलिस अधीक्षक यातायात और आरटीओ से नई प्रस्तावित व्यवस्था के मद्देनजर बिंदुवार एजेंडा उपलब्ध कराने का आग्रह भी किया है।

**एक्सप्रेस–वे खुलने के मद्देनजर करने होंगे सभी प्रयास :** निकट भविष्य में दिल्ली–देहरादून एक्सप्रेस–वे खुल जाएगा।

### चमोली से पीपलकोटी के बीच बदरीनाथ हाईवे का चौड़ीकरण शुरू

चमोली। चारधाम यात्रा के बाद अब एनएचआईडीसीएल की ओर से बदरीनाथ हाईवे का चौड़ीकरण और सुधारीकरण कार्य शुरू कर दिया गया है। चमोली से पीपलकोटी के बीच इन दिनों भूस्खलन व भू–धंसाव वाले क्षेत्रों में कार्य चल रहा है ताकि आगामी वर्ष की चारधाम यात्रा के लिए समय पर हाईवे को चाक–चौबंद बनाया जा सके। ऑलवेदर रोड परियोजना कार्य के तहत बदरीनाथ हाईवे कई जगहों पर बेहतर स्थिति में आ गया है जबकि बरसात के कारण भू–स्खलन व भू–धंसाव वाले क्षेत्रों में हाईवे बदहाल स्थिति में है। क्षेत्रपाल, गडोरा, पीपलकोटी और मायापुर क्षेत्र में पहाड़ियों से भूस्खलन होने से हाईवे संकरा बन गया है। इन जगहों पर चारधाम यात्रा के दौरान भी वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई। एनएचआईडीसीएल (राष्ट्रीय राजमार्ग एवं ढांचागत विकास) के अधिकारियों का कहना है कि आगामी वर्ष की चारधाम यात्रा से पूर्व हाईवे का सुधारीकरण कार्य किया जाना है। क्षेत्रपाल भूस्खलन क्षेत्र में हाईवे पर डबल लोहे की जाली लगाए जाने के साथ ही ड्रेनेज सिस्टम भी सुधार लिया गया है। इन दिनों गदेरे साइड हाईवे चौड़ीकरण कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा गडोरा भू–धंसाव क्षेत्र में हाईवे चौड़ीकरण के लिए हिल कटिंग का काम चल रहा है।

# रात्रि पाली में काम करने के लिए महिला कर्मकारों की सहमति अनिवार्य

देहरादून। उद्योगों को रात्रि पाली में महिला कर्मचारी की सुरक्षा के लिए उनके निवास स्थान तक सुरक्षित पिकअप और ड्राप की सुविधा देनी होगी। वाहन में जीपीएस लगा हो और पैनिक बटन की व्यवस्था अनिवार्य होगी। वाहन चालक और परिचालक का पुलिस सत्यापन भी आवश्यक होगा। हाल ही में कैबिनेट की बैठक में उत्तराखंड दुकान और स्थापन (रोजगार विनियमन और सेवा शर्त) अधिनियम को मंजूरी दी गई और अधिसूचना जारी कर इसे नियमों के साथ लागू कर दिया गया है।नये नियमों के अनुसार अब सभी प्रतिष्ठानों व उद्योगों में महिलाएं रात्रि पाली में रात नौ बजे से सुबह छह बजे तक कार्य कर सकेंगी। महिला कर्मचारियों की सुरक्षा व अधिकारों को ध्यान में रखते हुए कई अनिवार्य शर्तें भी निर्धारित की हैं। प्रथम शर्त के अनुसार, रात्रि पाली में काम करने के लिए महिला कर्मकारों की सहमति अनिवार्य होगी। यदि कोई महिला रात्रि शिफ्ट में कार्य से इन्कार करती है, तो कंपनी प्रबंधन की ओर से से बाध्य नहीं किया जाएगा। साथ ही, गर्भवती या प्रसूति की स्थिति में कंपनी को रोजगार से संबंधित सभी प्रविधान मातृत्व लाभ अधिनियम, 1961 के अनुरूप देने होंगे। महिला कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए कंपनी प्रबंधन को श्रम अधिकारी और स्थानीय थाना प्रभारी को कार्य की जानकारी उपलब्ध करानी होगी।

**शौचालय, चेंजिंग रूम, पेयजल जैसी सुविधा देनी होगीः** सभी उद्योगों पर सुरक्षित, स्वस्थ व संरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना होगा। शौचालय, चेंजिंग रूम और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना कंपनी प्रबंधन की जिम्मेदारी होगी। साथ ही, लैंगिक उत्पीड़न से संबंधित 2013 के अधिनियम का पूर्ण अनुपालन करना होगा। दुकानों और प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरे स्थापित होंगेः महिला सुरक्षा के लिए दुकानों और उद्योगों के प्रवेश–द्वारों व कार्यस्थलों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जाएंगे और उन्हें निरंतर क्रियाशील रखा जाएगा। सरकार के इस निर्णय से राज्य में महिलाओं की कार्य भागीदारी बढ़ेगी और उन्हें नए क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

### पूर्व सैनिकों उठा सकेंगे एडवांस नेत्र परीक्षण का लाभ

देहरादून। पूर्व सैनिकों के लिए सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी और लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह की देखरेख में 24 से 30 दिसंबर को एडवांस नेत्र परीक्षण और शल्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

आर्मी हॉस्पिटल रिसर्च एंड रेफेर्रल की टीम की ओर से साप्ताहिक शिविर एमएच देहरादून के परिसर में आयोजित की जा रही है।

# कांग्रेसजनों से संवाद कर सरकार की नाकामियां गिनाईं



रुद्रपुर। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने शनिवार देर शाम सितारगंज पहुंचकर कांग्रेसजनों से संवाद किया। उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार की नाकामियों को जनता के बीच ले जाने और वर्ष 2027 में भारी बहुमत से कांग्रेस सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ताओं से जुटने का आह्वान किया। सितारगंज पहुंचने पर कांग्रेसजनों ने नेता प्रतिपक्ष आर्य का स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने औद्योगिक विकास सहित कांग्रेस सरकार के समय कराए गए विकास कार्यों पर चर्चा की। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान में केंद्र और प्रदेश सरकार तानाशाही रवैया अपना रही है। महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी के लिए भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि किसान, मजदूर, छात्र और युवा समेत समाज का हर वर्ग परेशान है। महंगाई से त्रस्त जनता ने परिवर्तन का मन बना लिया है। कार्यक्रम में कांग्रेस नगर अध्यक्ष सरताज अहमद, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष करन जंग, ब्लॉक अध्यक्ष हरप्रीत सिंह हैप्पी, मुख्तयार अंसारी और प्रधान दिलबाग सिंह मौजूद रहे। इधर, देर शाम नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य और उपनेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी मंडी के पूर्व चेयरमैन हरपाल सिंह के आवास पहुंचे। उन्होंने हरपाल सिंह की माता जसवीर कौर के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर उन्होंने पति गुरुमुख सिंह, पुत्र हरपाल सिंह व गुरदेव सिंह से मिलकर संवेदना जताई।

### मदरसा फ़ैजुल उलूम में 200 से ज्यादा की मुफ्त जांच

देहरादून। कांवली वेलफेयर सोसाइटी की ओर से ग्राफिक एरा हॉस्पिटल के सहयोग से मदरसा फ़ैजुल उलूम के परिसर में एक निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। विशेषज्ञ डॉक्टरों ने 200 से अधिक मदरसे में अध्ययनरत छात्रों एवं लोगों की जांच की एवं उन्हें परामर्श दिया। सभी डॉक्टरों और उनके सहयोगी मेडिकल स्टाफ को कांवली वेलफेयर सोसाइटी की ओर से शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

सोसाइटी के अध्यक्ष सैय्यद मौहम्मद अरशी, प्रधानाचार्य हाफिज़ शाहनज़र, वरिष्ठ समाजसेवी जोगेंद्र सिंह पुंडीर, इमाम मुफ़्ती मोहम्मद जाबिर, कारी नौशाद, कारी कामिल, पूर्व पार्षद राजेश पुंडीर, हाजी अब्दुल खालिक, निसारूद्दीन, महताब अली, मोहम्मद सोहेल, आमिर सोहेल, शादाब सैफी, ईशा परवीन, मुस्कान, आयशा व आफरीन आदि मौजूद रहे।

# कोहरे में निकलते समय जरूरी बचाव की दी सलाह

देहरादून। लगातार गिरते तापमान और कोहरे के कारण ठिठुरन बढ़ गई है। ऐसे मौसम में सेहत का ध्यान रखना जरूरी है। चिकित्सक ऐसे मौसम में स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने और लोगों को बाहर निकलते समय जरूरी बचाव की सलाह दे रहे हैं। वहीं, डायटीशियन भी इस मौसम में बेहतर इम्यूनिटी के लिए खानपान का ध्यान रखने की सलाह दे रहे हैं। जिला अस्पताल (कोरोनेशन) के वरिष्ठ फिजीशियन डा. प्रवीण पंवार का कहना है कि सर्दियों में कोहरा सिर्फ दृश्यता ही नहीं घटाता, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी कई तरह की परेशानियां बढ़ा देता है। कोहरे और ठंडी हवा में लापरवाही सीधे सर्दी–जुकाम, सांस की बीमारी और आंखों की परेशानी को बढ़ा देता है। थोड़ी–सी सतर्कता और नियमित सावधानी से कोहरे के दुष्प्रभावों से आसानी से बचा जा सकता है। ऐसे मौसम में स्वस्थ रहने के लिए लाइफस्टाइल में बदलाव जरूरी है। ऐसे में कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखना चाहिए। डायटीशियन ऋचा कुकरेती के अनुसार, खान–पान को लेकर सचेत रहने से ही स्वास्थ्य भी उत्तम रहेगा। सुपाच्य भोजन नहीं करने से कई तरह की शिकायतें बढ़ जाती हैं। इसलिए कहीं भी, कभी भी कुछ भी खाने से बचें।

**इन बातों का रखें ध्यान**

– कोहरे से हवा की शुद्धता गिरती है। ठंड से बीपी बढ़ने के कारण तो शुगर अनियंत्रित हो जाता है। इसलिए गुनगुना पानी पीते रहें।

# मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी 22,23 दिसम्बर को अल्मोड़ा दौरे पर

अल्मोड़ा। मुख्यमंत्री उत्तराखंड पुष्कर सिंह धामी सोमवार 22 दिसम्बर और मंगलवार 23 दिसम्बर 2025 को जनपद अल्मोड़ा के भ्रमण पर रहेंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री सोमवार को प्रातः 9:15 बजे मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय देहरादून से प्रस्थान कर 9:20 बजे जीटीसी हेलीपैड पहुँचेंगे। वहां से वे 9:30 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर 10:25 बजे आर्मी हेलीपैड, अल्मोड़ा पहुँचेंगे। आर्मी हेलीपैड से मुख्यमंत्री 10:35 बजे वाहन द्वारा प्रस्थान कर 10:45 बजे हेमवती नंदन बहुगुणा स्टेडियम, अल्मोड़ा पहुँचेंगे, जहां वे सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री 11:45 बजे स्टेडियम से रवाना होकर 11:55 बजे आर्मी हेलीपैड पहुँचेंगे और 12:05 बजे हेलीकॉप्टर से प्रस्थान कर 12:25 बजे जवाहर नवोदय विद्यालय मैदान हेलीपैड, ताड़ीखेत पहुँचेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री 12:35 बजे हेलीपैड से वाहन द्वारा ताड़ीखेत मैदान स्थित कार्यक्रम स्थल पहुँचेंगे, जहां वे 12:45 बजे से अपराह्न 2 बजे तक ह्यजन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार झ प्रशासन गांव की ओरह्व बहुउद्देशीय शिविर में प्रतिभाग करेंगे। शिविर के उपरांत मुख्यमंत्री 2:15 बजे कार्यक्रम स्थल से रवाना होकर 2:20 बजे जवाहर नवोदय विद्यालय, ताड़ीखेत पहुँचेंगे, जहां 2:50 बजे तक समय आरक्षित रहेगा। मुख्यमंत्री इसके बाद 2:55 बजे ग्वाल देवता मंदिर, ताड़ीखेत पहुँचेंगे और वहां 3:05 बजे तक समय निर्धारित रहेगा। इसके पश्चात वे 3:10 बजे शिशु विद्या मंदिर, ताड़ीखेत पहुँचकर 3:30 बजे तक स्कूली बच्चों के साथ संवाद करेंगे।

### कंप्यूटर और किताबों के बिना शोपीस बनी हाईटेक लाइब्रेरी

रुद्रप्रयाग। जिले में शैक्षणिक गतिविधियों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से तैयार की गई अत्याधुनिक डिजिटल लाइब्रेरी अब तक शुरू नहीं हो पाई है। जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज के समीप इस लाइब्रेरी का भवन तैयार हो चुका है। बैठने की व्यवस्था और अन्य आवश्यक सामान भी लगाया जा चुका है लेकिन एक वर्ष बाद भी यहां न तो पुस्तकें उपलब्ध हो पाई हैं और न ही कंप्यूटर। ऐसे में यह सिर्फ नाम की लाइब्रेरी बनी हुई है। इस लाइब्रेरी में फिलहाल 30 लोगों के बैठने की व्यवस्था है। वहीं इस संबंध में मुख्य शिक्षा अधिकारी परमेंद्र बिष्ट ने बताया कि लाइब्रेरी में कंप्यूटर अभी उपलब्ध नहीं हो पाए हैं जिसके लिए शासन से बजट की मांग की गई है।

# काकोरी के शहीदों को शताब्दी वर्ष पर किया याद



हल्द्वानी। क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन (कालीस) ने रविवार को काकोरी कांड की शताब्दी पर दमुवाढूंगा में विचार गोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत में लोगों ने शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। क्रलोस के मोहन मटियाली ने काकोरी कांड में शहीद रामप्रसाद बिस्मिल और अशफाकउल्ला खां की भूमिका के बारे में बताया। वरिष्ठ पत्रकार दीप भट्ट ने कहा कि आजादी का प्रभाव इतना व्यापक था कि बॉलीवुड में भी क्रांतिकारी फिल्में बनीं। एडवोकेट बबीता ने संयुक्त पहल से अधिकारों की रक्षा पर जोर दिया। स्वतंत्र पत्रकार उमेश विश्वास ने आजादी के नायकों के विचारों को आत्मसात करने की बात कही। वहीं अंबेडकर मिशन के जीआर टम्टा ने संविधान को हथियार बनाकर अधिकारों के लिए संघर्ष की बात कही। भाकपा (माले) के डॉ. कैलाश पांडे ने गरीबों को अतिक्रमण के नाम पर बेदखल करने की नीतियों की आलोचना की। इस दौरान प्रगतिशील महिला एकता केंद्र की रजनी, जनवादी लोक मंच के योगेश, शिवदेव सिंह, विजय तिवारी, टीआर. पांडे आदि ने विचार रखे। गोष्ठी का संचालन मुकेश भंडारी और शेखर चंद्र ने किया। कार्यक्रम में अनुराग, अनीता देवी, रियासत अली, भुवन चंद्र, आकाश भारती, पंकज अंबेडकर, चंदन, योगेश, हिमानी, प्रकाश, उमेश पांडे आदि मौजूद रहे।



# रामनगर में भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष का स्वागत

हल्द्वानी। भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष चंदन सिंह बिष्ट का रामनगर में पार्टी पदाधिकारियों ने स्वागत किया। रविवार को भाजपा कार्यकर्ता ने डिग्री कॉलेज मुख्य मार्ग से होते हुए बाइक रैली निकाल कर कोसी बैराज पहुंचे। स्वागत समारोह में नवनियुक्त युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष चंदन बिष्ट ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा को फिर से सत्ता में वापसी के लिए युवा जिम्मेदारी उठाने को तैयार हैं। भाजपा जिला उपाध्यक्ष गणेश रावत, नगर मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह खाती, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष घनश्याम शर्मा, मनीष अग्रवाल, दिनेश मेहरा, राजेंद्र सैनी, वीरेंद्र रावत आदि मौजूद रहे।

### जिला मुख्यालय में स्थापित की जाए इंद्रमणी बडोनी की मूर्ति

नई टिहरी। स्व़ इंद्रमणी बडोनी स्मृति कला मंच की बैठक में जिला मुख्यालय में उत्तराखंड के गांधी स्व़ बडोनी की आदमकद मूर्ति लगाने की मांग उठी। मंच की ओर से 24 दिसंबर को बौराड़ी में बडोनी की स्मृति पर कार्यक्रम संपन्न करवाए जाएंगे। बौराड़ी के गणेश चौक में नागरिक मंच के संयोजक चंडी प्रसाद डबराल की अध्यक्षता में बैठक हुई। आगामी 24 दिसंबर को गणेश चौक में स्व़ इंद्रमणी बडोनी के स्मृति दिवस पर उनके जीवन परिचय, व्याख्यान माला और उत्तराखंड के भविष्य पर मंथन किया जाएगा। संयोजक डॉ़ यूएस नेगी ने बताया कि यह वर्ष बडोनी के शताब्दी वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। रविवार को हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि जिला मुख्यालय में स्व़ बडोनी की आदमकद मूर्ति की स्थापना हो।

# पिथौरागढ़ के प्रत्येक गांव में फार्मासिस्ट नियुक्त करे सरकार



पिथौरागढ़। बेरोजगार डिप्लोमा फार्मासिस्ट ऐसोसिएशन( एलौपेथिक ) ने प्रत्येक गांव में फार्मासिस्ट की नियुक्ति की मांग उठाई है। जिलाध्यक्ष गिरीश जोशी, जिला पंचायत अध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद के माध्यम से सीएम पुष्कर सिंह धामी को पत्र भेजकर 391 पदों पर फार्मासिस्टों की नियुक्ति की मांग की। बेरोजगार डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने प्रत्येक गांव में फार्मासिस्ट की नियुक्त करने की मांग को लेकर सीएम को पत्र भेजा है।

इस दौरान अध्यक्ष भरत कुमार, महामंत्री दीपक पाण्डेय, कोषाध्यक्ष मनोज पंत, सरंक्षक हरीश वर्ती, महेश भट्ट, संजय बोरा मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ रमेश सिंह पाल की पुस्तक 'मनस–विद' का विमोचन



अल्मोड़ा। विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, अल्मोड़ा में कार्यरत वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ रमेश सिंह पाल द्वारा लिखित पुस्तक 'मनस–विद' का विमोचन शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास, देहरादून में मुख्यमंत्री उत्तराखंड पुष्कर सिंह धामी ने किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने डॉ पाल को बधाई देते हुए कहा कि आध्यात्मिकता भारतीय सनातन परंपरा का अभिन्न अंग रही है और वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों में आध्यात्मिक विषयों पर आधारित पुस्तकों का महत्व और बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि के रूप में जाना जाता है और प्रधानमंत्री के संकल्प के अनुरूप राज्य आध्यात्मिक राज्य की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में उपस्थित विधायक टिहरी किशोर उपाध्याय ने कहा कि डॉ रमेश सिंह पाल का यह प्रयास सराहनीय है। उनकी पुस्तकें सनातन धर्म के विभिन्न आध्यात्मिक पहलुओं को समाज तक पहुंचाने का कार्य कर रही हैं और पाठकों को आत्मचिंतन की दिशा में प्रेरित करती हैं। बताया गया कि 'मनस–विद' डॉ पाल की छठी पुस्तक है। यह उनकी प्रसिद्ध अंग्रेजी पुस्तक 'आई नो द ह्यूमन माइंड' का हिंदी रूपांतरण है। पुस्तक में मानव मन के विभिन्न पहलुओं के साथ–साथ मनो–आध्यात्मिक रहस्यों पर प्रकाश डाला गया है। डॉ पाल की पुस्तकों को देश की संसद पुस्तकालय सहित कई विश्वविद्यालयों और भारत सरकार के प्रतिष्ठित संस्थानों के पुस्तकालयों में स्थान मिला है। इसके साथ ही डॉ पाल को यूनेस्को की समावेशी नीति प्रयोगशाला के लिए भारत से नामित विशेषज्ञ के रूप में भी चयनित किया गया है। पुस्तक विमोचन के दौरान डॉ रमेश सिंह पाल ने विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, अल्मोड़ा में संचालित शोध कार्यों की जानकारी भी मुख्यमंत्री को दी।

# रुद्रपुर में जल्द खुल सकती है साइकिलिंग की नेशनल एकेडमी

रुद्रपुर। मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम स्थित वेलोड्रोम के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली में विशेष प्रमुख सचिव खेल अमित सिन्हा ने प्रतिभाग कर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। इससे पूर्व, विशेष प्रमुख सचिव खेल सिन्हा रविवार को मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित ट्रैक साइकिलिंग नेशनल चैंपियनशिप में पहुंचे।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खेलों के बाद रुद्रपुर के वेलोड्रोम में नेशनल चैंपियनशिप का आयोजन होना प्रदेश के लिए गर्व की बात है। इसके लिए उन्होंने सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि रुद्रपुर में साइकिलिंग की नेशनल एकेडमी खोले जाने के प्रयास किए जाएंगे, ताकि बच्चे यहां रहकर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकें। फिट इंडिया अभियान के तहत ह्यसंडे ऑन साइकिलह्व कार्यक्रम के एक वर्ष पूर्ण होने पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के नेतृत्व में इस पहल की शुरुआत की गई है, जिसे हम सभी आगे बढ़ा रहे हैं। वहीं ट्रैक साइकिलिंग नेशनल चैंपियनशिप के आयोजकों ने प्रमुख सचिव को मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रभारी उपनिदेशक कुमाऊं रसिका सिद्दीकी, जिला क्रीड़ाधिकारी जानकी कार्की, जिला क्रीड़ाधिकारी नैनीताल निर्मला पंत, उप क्रीड़ा अधिकारी नैनीताल वरुण बेलवाल, क्रिकेट कोच नैनीताल त्रिलोक सिंह जीना, सीएफआई के सचिव मनिंदर पाल सिंह, उत्तराखंड साइकिलिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष विमल चौधरी, जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

जयन्त
संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन डिग्री कॉलेज रोड़, जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा जयन्त कार्यालय चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग, गैरसैंण, जनपद चमोली उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338